हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 6 फरवरी 2026











**खबर संक्षेप**

### आरपीएफ आरक्षक की बहादुरी, यात्री को बचाया



इटारसी। रेलवे स्टेशन पर रेल सुरक्षा बल के एक जांबाज आरक्षक ने अपनी जान की परवाह न करते हुए पटरी और प्लेटफॉर्म के बीच घिसट रहे यात्री की जान बचा ली, जिससे बड़ा हादसा टल गया। आरक्षक की इस बहादुरी को देख प्लेटफॉर्म पर मौजूद लोगों ने उनकी जमकर सराहना की। ट्रेन नंबर 11401 अपने निर्धारित ठहराव के बाद सुबह 10.30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 5 से रवाना हो रही थी। तभी कोच नंबर बी1 में चढ़ने के प्रयास में एक यात्री का पैर फिसल गया। यात्री ट्रेन का हैंडल पकड़कर प्लेटफॉर्म और पटरी के बीच रगड़ खाकर घिसटने लगा। प्लेटफॉर्म पर ड्यूटी पर तैनात आरक्षक भूरा सिंह गुर्जर ने जैसे ही यात्री को गिरते देखा, उन्होंने बिना एक पल गंवाए दौड़ लगा दी। आरक्षक ने अपनी जान जोखिम में डालकर घिसटते हुए यात्री को तेजी से खींचकर ऊपर किया। इस खींचतान में आरक्षक स्वयं भी प्लेटफॉर्म पर गिर गए। उन्होंने यात्री को सकुशल बचा लिया।

### विदाई समारोह में कक्षा 12वीं के छात्रों का सम्मान

**नर्मदापुरम।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, मप्र की कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा 10 फरवरी से प्रारंभ होने जा रही है। परीक्षा से पूर्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाडा में कक्षा 11वीं के छात्रों ने कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई कार्यक्रम हुआ।

### नियम बेअसर: बैंड-बाजा-डीजे का शोर बना परीक्षार्थियों की मुसीबत

# शहनाइयों में घुटती पढ़ाई, डीजे शोर ने दिमाग कर दिया बेहाल

घर में शादी होना परिवार के लिए खुशी लेकर आता है लेकिन परीक्षा के दौरान शादी की शहनाइयों में पढ़ाई घुट रही है। बैंड-बाजा-बारात का शोर परीक्षार्थियों की परेशानी बना हुआ है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नए साल के साथ ही विवाह सीजन की शुरुआत हो चुकी है। बुधवार से जिलेभर में बैंड-बाजा-बारात की गूंज सुनाई देने लगी है। जहां एक ओर शादियों की रौनक माहौल को उत्सवमय बना रही है, वहीं दूसरी ओर यह शोर आगामी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। परीक्षार्थियों का कहना है कि देर रात तक तेज आवाज में बजने वाला डीजे और बैंड उनकी पढ़ाई में बाधा बन रहे है। परीक्षा नजदीक होने के कारण उन्हें एकाग्र होकर अध्ययन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई छात्रों ने प्रशासन से मांग की है कि तय समय-सीमा और ध्वनि मानकों का सख्ती से पालन कराया जाए, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने भी चिंता जताते हुए प्रशासन से ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण की मांग की है। उनका कहना है कि निर्धारित समय और ध्वनि मानकों का पालन नहीं होने से आमजन के साथ-साथ विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है।

### बोर्ड परीक्षाओं की सुरक्षा एवं निरीक्षण व्यवस्था

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल द्वारा 13 फरवरी से 07 मार्च 2026 तक नर्मदापुरम संभाग के नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल जिलों में कुल 238 परीक्षा केन्द्रों पर हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इनमें नर्मदापुरम जिले के 78, हरदा जिले के 33 एवं बैतूल जिले के 127 परीक्षा केन्द्र सम्मिलित हैं। संभाग अंतर्गत कुल 23 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील-अतिसंवेदनशील श्रेणी में चिन्हित किया गया है, जिनमें नर्मदापुरम जिले के 11, हरदा जिले का 01 एवं बैतूल जिले के 11 केन्द्र शामिल हैं। इन सभी केन्द्रों पर जिला कलेक्टर द्वारा प्रथम/द्वितीय श्रेणी अधिकारियों में से प्रेक्षकों की नियुक्ति की जा चुकी है तथा परीक्षा अवधि में आवश्यक पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।बोर्ड के निर्देशानुसार संभाग के सभी 238 परीक्षा केन्द्रों हेतु कलेक्टर प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है, जिन्हें मोबाइल एप के माध्यम से मण्डल से जोड़ा गया है, जिससे परीक्षा संचालन की सतत निगरानी की जा सके।इसके अतिरिक्त, जिला कलेक्टरों द्वारा नर्मदापुरम जिले में 09, हरदा जिले में 07 एवं बैतूल जिले में 15, इस प्रकार कुल 31 निरीक्षण दल (उड़न दस्ते) गठित किए गए हैं, जो परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्रों की निरंतर मॉनिटरिंग करेंगे।

**एक्सपर्ट व्यू — डॉ सुनील जैन**



आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में बच्चों पर पढ़ाई और परीक्षा का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। अच्छे अंक लाने, आगे बढ़ने और अपेक्षाओं पर खरा उतरने की चिंता कई बार बच्चों को मानसिक तनाव की ओर धकेल देती है। यह तनाव यदि समय रहते समझा और संभाला न जाए, तो बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकता है।अक्सर देखा जाता है कि परीक्षा नजदीक आते ही बच्चे घबराहट, चिड़चिड़ापन, नींद न आना, सिरदर्द, पेट दर्द या पढ़ाई में मन न लगने जैसी समस्याओं से जूझने लगते हैं। बच्चों को जो भी दिक्कत हो रही वह पैरेंट्स से शेयर करे। शादी विवाह का सीजन है ऐसे में एकाग्रता बनाने के दौरान डीजे या बैंड बाजों का शोरगुल बच्चों की पढ़ाई को प्रभावित करता है। कई बच्चे अपनी चिंता किसी से साझा नहीं कर पाते और भीतर ही भीतर तनाव को बढ़ाते रहते हैं। यह स्थिति आगे चलकर एंग्जायटी, डिप्रेशन या आत्मविश्वास की कमी का कारण बन सकती है। यह समझना जरूरी है कि पढ़ाई जरूरी है, लेकिन उससे कहीं ज्यादा जरूरी बच्चों का मानसिक संतुलन है। माता-पिता और शिक्षक यदि बच्चों से लगातार तुलना करेंगे या उन पर बेवजह दबाव बनाएंगे, तो इसका उल्टा असर पड़ता है। बच्चों को यह भरोसा दिलाना आवश्यक है कि परीक्षा जीवन का केवल एक हिस्सा है, पूरी जिंदगी नहीं। डॉक्टर के तौर पर मेरी सलाह है कि बच्चों की दिनचर्या संतुलित रखी जाए।

### इटारसी एसडीएम ने जारी किए निषेधात्मक आदेश

इटारसी एसडीएम नीलेश कुमार शर्मा ने भारतीय सुरक्षा संहित 2023 की धारा 163 (2) के तहत निषेधात्मक आदेश जारी किया है। जिसमें ध्वनि विस्तारक यंत्र रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक उपयोग नहीं किए जाएंगे। अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जिसमें डीजे का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति एक समय में केवल दो घंटे के लिए दी जाएगी। बिना अनुमित ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग किया जाना प्रतिबंधित रहेगा।

**बनखेड़ी थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने शुरू की जांच**

# चिलोद हनुमान मंदिर में पुजारी के सिर पर वार करके हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिपरिया (बनखेड़ी थाना क्षेत्र) गुरुवार को सुबह करीब 11:30 बजे चिलोद हनुमान मंदिर में पुजारी शिवशंकर तिवारी (45) का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव के सिर पर कई वार के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक शिवशंकर तिवारी ग्राम मनकवाडा के निवासी थे। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर के पास इकट्ठा हो गए। बनखेड़ी थाना प्रभारी विजय सनस ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा मंदिर में पुजारी के सिर पर कई वार किए गए। उन्होंने आश्वस्त किया कि मामले की गहन जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों के बयान दर्ज किए जाएंगे और आरोपियों की तलाश तेज की जाएगी। मंदिर में पुजारी की हत्या को लेकर विभिन्न तरह की चर्चाएं चल रही हैं। ग्रामीण और मंदिर के व्यवस्थापक इस घटना से सकते में हैं और सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। आगे की कार्रवाई पर पुलिस ने कहा कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पूरी कोशिश की जा रही है। फॉरेंसिक जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कानूनी कार्रवाई होगी।

# पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पति की मृत्यु के बाद रिश्तों की शर्मनाक हकीकत सामने आई है। कोतवाली पुलिस ने नर्मदापुरम में जेठ आशुतोष शरण तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता, उर्वशी तिवारी ने आरोप लगाया है कि उनके पति अखिलेश शरण तिवारी के बैंक खाते से जेठ ने बिना अनुमति 1,26,131 रुपये निकालकर अपने और बेटे के खाते में ट्रांसफर कर दिए। शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि आरोपी ने मृतक के मोबाइल, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, बीमा पॉलिसी, व्यापार के स्टॉक और दुकान की बही-खाते अपने कब्जे में ले लिए हैं। महिला के अनुसार, घर की कार, ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोटरसाइकिल भी जेठ ने रोक रखी हैं। इसके अलावा, वह और उनके बच्चे अपने पैतृक घर में प्रवेश नहीं कर पा रहे और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी और अन्य के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है और पूछताछ शुरू कर दी गई है। पीड़िता ने कहा, पति के जाने के बाद हम पूरी तरह असहाय हैं। हमारे पास आजीविका का कोई साधन नहीं है और हमारी जान को खतरा है।

**नर्मदापुरम पुलिस का अभिनव कदम**

# सीपीआर व फर्स्ट एड प्रशिक्षण से सड़क दुर्घटनाओं में मौत रोकने की पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु दर कम करने और घायलों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नर्मदापुरम पुलिस ने अभिनव पहल शुरू की है। पुलिस अधीक्षक साईंकृष्ण एस. थोटा के निर्देश पर दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आम नागरिकों को सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। थाना प्रभारियों द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से सोहागपुर, सिवनी मालवा एवं यातायात थाना क्षेत्र में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें दुकानदारों, रहवासियों व कर्मचारियों को दुर्घटना के तुरंत बाद जीवन रक्षक सहायता देने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान 108, 1033, 112 सहित अन्य आपातकालीन नंबरों, राहवीर योजना, हिट एंड रन एवं कैशलेस उपचार योजना की जानकारी दी गई। साथ ही हेलमेट, सीट बेल्ट व यातायात नियमों के पालन पर ज़ोर दिया गया। प्रत्येक थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा सहयोगी व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर दुर्घटना की सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में बस स्टैंड, नर्मदापुरम में यातायात पुलिस द्वारा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें यातायात डीएसपी संतोष मिश्रा ने बताया कि अभियान जिलेभर में चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा। इस दौरान यातायात निरीक्षक सुनीता पटेल, यातायात बल तथा पुलिस अस्पताल के हेड कांस्टेवल राकेश रघुवंशी एवं नर्मदा अस्पताल के कमल राजपूत, साबिर खान आदि मौजूद थे।

# 70वें रेल सप्ताह समारोह में भोपाल मंडल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी





पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा आयोजित 70वें रेल सप्ताह समारोह में भोपाल मंडल ने अपनी उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर सबका ध्यान आकर्षित किया। मदनमहल, जबलपुर स्थित उत्सव सामुदायिक भवन में आयोजित गरिमामयी कार्यक्रम में मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने चयनित रेलकर्मियों को पुरस्कार प्रदान किए। भोपाल मंडल की ओर से यह गौरवशाली सम्मान मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने अपनी टीम के साथ प्राप्त किया। भोपाल मंडल को 19 प्रतिष्ठित सम्मान मिलें हैं।

**राजपत्रित अधिकारी:** 03 अधिकारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से नवाजा गया। इन्होंने प्रशासनिक दक्षता और तकनीकी कुशलता में अनुकरणीय कार्य किया।

**अराजपत्रित कर्मचारी :** विभिन्न विभागों के कुल 11 कर्मचारियों को उनके अनुशासन और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया।

**दक्षता शील्ड :** भोपाल मंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 05 दक्षता शील्ड पर अपना कब्जा जमाया।

### सुरक्षित रेल संचालन पर जोर

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इन पुरस्कारों का मुख्य आधार सुरक्षित रेल संचालन, तकनीकी नवाचार और उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता रहा है। इस उपलब्धि से पूरे भोपाल मंडल के कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है

# नर्मदापुरम टीम ने बनाई पहली पारी में 63 रनों की बढ़त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



एमपीसीए ग्राउंड पर आयोजित सीनियर मेंस संभाग स्तरीय महाराजा यशवंतराव ट्रॉफी में नर्मदापुरम और भोपाल संभाग के मध्य चल रहे मैच के तीसरे दिन भोपाल की टीम 229 पर 6 विकेट से आगे खेलते हुए 101 रन ओर जोड़ पाई और 331 रनों पर ऑल आउट हो गई। जिसमें प्रारब्ध मिश्रा ने 59 रन एवं पवन निवानी ने 50 रनों का योगदान दिया। नर्मदापुरम की ओर से ऋत्विक दीवान ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट लिए एवं प्रशांत कासदे 2 विकेट और गौतम रघुवंशी ने 2 विकेट हासिल किए। नर्मदापुरम संभाग की दूसरी पारी की शुरुआत थोड़ी कमजोर हुई शुरुआत में प्रवीण यादव के अलावा कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर ज्यादा समय तक नहीं खेल पाया लेकिन 29 रनों के व्यक्तिगत स्कोर पर आउट हो गए किंतु हिमांशु शिंदे और आर्यन देशमुख ने पारी को संभाला और फिलहाल नर्मदापुरम टीम 178 रन पर 6 विकेट है। नर्मदापुरम की कुल बढ़त 241 रनों की हो चुकी है और अंतिम दिन का खेल बाकी है। मैच में आब्जर्वर हर्ष पाण्डेय,एम पी सी ए सीनियर चयन समिति के चेयरमैन सुहैल अंसारी और एमपीसीए मैनेजिंग कमेटी मेंबर अनुराग मिश्रा मौजूद थे।

## नपाध्यक्ष ने की जनसुनवाई,पेंशन प्रकरणों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा गुरूवार को जनसुनवाई की गई। जिसमें शिकायतों और समस्याएं आती हैं उनका तत्काल प्रभाव से निराकरण किया गया।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि जनसुनवाई की शुरूआत की गई है जिससे नागरिकों को सीधा लाभ हो रहा है। सुनवाई में 10-12 आवेदन आए हैं। अधिकांश सफाई व्यवस्था, पानी निकासी और सीवरेज के कार्य से संबंधित शिकायतें थी। जिनका तत्काल निराकरण कराया गया हैं। वहीं दो पेंशन प्रकरण में जांच उपरांत निराकरण कराने के निर्देश दिए गए।

## कलेक्टर ने विभागीय कार्यों व लंबित प्रकरणों की समीक्षा की

नर्मदापुरम। गुरुवार को कलेक्टर सोनिया मीना ने विभागीय कार्यों और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की, जिसमें सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी शाखाओं में पंजीयों का सुव्यवस्थित संधारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कर उसका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कलेक्टर कार्यालय की समस्त शाखाओं के कार्यों की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ओआईसी अपनी शाखाओं का नियमित निरीक्षण करें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जनसुनवाई के दौरान दर्ज शिकायतों का शीघ्र अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने एक वर्ष से अधिक पुरानी शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इसके लिए शिकायतों की स्क्रूटनी करने और शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

**श्री जिनवाणी अस्थाप, कलश आरोहण व वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए ग्रंथ संग्रह आज**

# जैन मंदिर में 55 फीट ऊंचाई पर स्थापित होगा शिखर कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जैन समाज द्वारा श्री जिनवाणी अस्थाप, कलश आरोहण, वेदी प्रतिष्ठा व तिलक महा महोत्सव सात से नौ फरवरी तक होगा। इसके पूर्व शुक्रवार से जैन समाज के द्वारा पात्र भावना परिवारों से ग्रंथ संग्रहित किये जाएंगे। सोहागपुर जैन समाज अध्यक्ष अभिषेक जैन से गुरुवार को हरिभूमि संवाददाता ने विशेष चर्चा की। जैन ने बताया कि आयोजन में देश भर से जैन बंधुओं का आगमन सोहागपुर के इस विशिष्ट आयोजन में होगा। अभिषेक जैन ने बताया कि सात से नौ फरवरी तक तीन दिवसीय मंगल आयोजन का सौभाग्य सोहागपुर नगर को मिला है, जिसका लक्ष्य अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की वाणी को आत्म कल्याणार्थ जन-जन तक पहुंचाने का है। जिसमें जैन चैत्यालय की नवनिर्मित श्री वेदी जी में श्री जिनवाणी अस्थाप, कलश आरोहण, वेदी सूतन तथा तिलक महा महोत्सव आयोजन सम्मिलित हैं। जैन नागरिकों के अनुसार यह सोहागपुर क्षेत्र का सौभाग्य है कि भावपूर्ण कार्यक्रम हमें मिला है। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रीय जैन समाज के नागरिकों की भावानुभूति उच्चतम स्तर पर है।



### 55 फीट ऊंचाई पर शिखर कलश

सोहागपुर जैन समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजन के दौरान कलश आरोहण होगा। जैन चैत्यालय के शिखर पर कलश की स्थापना होगी। शिखर पर कुल 55 फीट की ऊंचाई पर कलश स्थापना का यह अभूतपूर्व आयोजन आनंदित कर देने वाला होगा। कलश लगाने के लिए भी जैन समाज के नागरिकों द्वारा बोली लगाई जाएगी। बोली में प्राप्त राशि का उपयोग चैत्यालय के उद्धारार्थ किया जाएगा। जानकारी अनुसार आठ फरवरी रविवार को कलशारोहण होगा। एवं श्री पालकी जी चल समारोह भी होगा। जिसके लिए शहर श्रृंगारित किया जा रहा है।



### ग्रंथ संग्रह व भूमिपूजन आज

जैन समाज से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजन सात फरवरी से शुरू होगा। इसके पूर्व छह फरवरी को जैन समाज के उन आठ परिवारों से ग्रंथ संग्रहित किए जाएंगे, जिन्हें पात्र भावना का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। ऐसे ही एक परिवार डेरिया परिवार से अजय जैन, आशीष जैन, आतम जैन के अनुसार इस अति विशिष्ट आयोजन में उनके परिवार को प्रभु भक्ति का सौभाग्य मिला है। गुरुवार की दोपहर सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह ने आयोजन स्थल का अवलोकन किया तथा जैन समाज को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

# आवारा कुत्ता ने 6 साल के मासूम को नोचा

**30 गहरे घाव, भोपाल रेफर किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



जिले में आवारा कुत्तों का आतंक और उनका आक्रमण एक बार फिर पिपरिया के खैरा गांव में देखने को मिला, जहां आवारा कुत्ते ने 6 साल के मासूम पर हमला कर उसे इस कदर लहुलुहान कर दिया कि परिजनों को इलाज के लिए भोपाल ले जाना पड़ा। हमले में घायल मासूम को 75 प्रतिशत हिस्से में कुत्ते द्वारा काटा गया। उसके शरीर पर 25 से 30 जगह गहरे घाव हैं, कुछ हिस्से का मांस तक कुत्ता खा गया परिजन बच्चे को सरकारी अस्पताल लेकर गए पर बच्चे की हालत देखकर डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया जहां गुरूवार को उसकी सर्जरी हुई है। बच्चे के पिता प्रशांत पटेल ने बताया कि बुधवार को बच्चे को कुत्ते ने काटा था हम अस्पताल लेकर गए तो बच्चे की हालत देखकर डॉक्टरों ने उसे भोपाल ले जाने की सलाह दी ।

## खबर संक्षेप

### केस डायरी गायब उपनिरीक्षक निलंबित

**बैतूल।** जिले में गंभीर लापरवाही के आरोप में एक उप निरीक्षक (एसआई) को निलंबित कर दिया गया है। कोतवाली थाना में पदस्थ रहे एसआई पवन कुमरे पर आरोप है कि उनके कार्यकाल के दौरान आपराधिक मामलों की केस डायरी (चालान) गायब हो गए। पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन द्वारा जारी आदेश के अनुसार विभागीय जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित मामलों के चालान न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किए गए और वे अब तक लापता हैं। इस कृत्य को गंभीर लापरवाही और अनुशासनहीनता की श्रेणी में मानते पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेन्द्र जैन ने आदेश जारी किया कि पवन कुमरे, जो वर्तमान में थाना गंज, बैतूल में पदस्थ हैं, उन्हें निलंबन के बाद तत्काल प्रभाव से रक्षित केंद्र बैतूल भेजा जाता है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सुनील लाटा को सात दिन के भीतर प्रारंभिक जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### जिला स्तरीय मेगा कैंपस ड्राइव 12 फरवरी को

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की प्रेरणा से महिला सशक्तिकरण एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से बैतूल कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल में 12 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जिला स्तरीय मेगा कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस कैंपस ड्राइव में क्विस कॉर्प के माध्यम से आईफोन निर्माता कंपनी फॉक्सकॉन बेंगलुरू के लिए केवल युवतियों के लिए रोजगार में जाने का अवसर प्राप्त होगा। संस्था प्राचार्य श्री अजीश पन्द्रे ने बताया कि विगत वर्षों में इस कंपनी में कई छात्राएं जॉब प्राप्त कर चुकी है एवं सफलतापूर्वक कार्यरत है। संस्था के प्लेसमेंट ऑफिसर श्री विवेक दायमा बताया कि इस ड्राइव के लिए योग्यता केवल 10वी उत्तीर्ण है एवं इसमें 18 से 30 वर्ष की सभी युवतियां भाग ले सकती है। चयन पश्चात युवतियों को 17 हजार 750 रूपये वेतन के साथ कंपनी स्वयं के व्यय से रहने के लिए हास्टल एवं भोजन की व्यवस्था करेगी। चयनित युवतियों को इसी माह कंपनी के खर्च पर ज्वाइन करने के लिए बेंगलुरु भेजा जाएगा।

### पर्यावरण बचाना आज सबसे बड़ी आवश्यकता: नेहा गर्ग

**बैतूल।** पर्यावरण में वह सभी प्राकृतिक संसाधन शामिल है जो कई तरीकों से हमारी मदद करते हैं और चारों ओर से हमें घेरे हुए हैं। यह हमें बढने तथा विकसित होने का बेहतर माध्यम देता है। यह हमें वह सब कछ प्रदान करता है जो इस ग्रह में जीवन यापन करने हेतु आवश्यक है। उक्त उद्गार बैतूल शिल्पकला एवं ग्रामीण विकास समिति की अध्यक्ष एवं बैतूल नपा की ब्रांड एम्बेसेडर नेहा गर्ग ने शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में आयोजित प्रशिक्षण सह कार्यशाला में प्रशिक्षक के रूप में व्यक्त किए।

## झल्लार पुलिस ने किया जघन्य हत्या का खुलासा

# एकतरफा प्रेम में की थी युवती की हत्या, आरोपी को किया गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**नाबालिक बालिका की हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है, जो युवती से एकतरफा प्रेम करता था।**

पुलिस जनसंपर्क अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार 28 जनवरी को पुलिस को 112 डायल पर सूचना मिली थी कि ग्राम बासनेर खुर्द निवासी युवती की जहरीले पदार्थ के सेवन से मृत्यु हो गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस कायम कर जांच प्रारंभ की। मर्ग जांच उपरांत असल धारा 194 बीएनएसएस पंजीबद्ध किया गया। मर्ग जांच के दौरान मृतिका के परिजनों द्वारा ग्राम बासनेर खुर्द निवासी राहुल पिता साहेबराव धोटे पर गंभीर संदेह व्यक्त किया गया। परिजनों के कथन, कॉल डिटेल रिकॉर्ड के विश्लेषण एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में मृतिका के पिता, माता, दादा एवं स्वतंत्र साक्षी के कथन लेख किए गए। गवाहों ने बताया कि घटना दिनांक को मृतिका बकरी चराने गई थी जो कि वापस नहीं लौटी। तलाश के दौरान उसका शव मनोज घानेकर के खेत में मिला। शव परीक्षण के दौरान मृतिका के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए। गाल एवं पैर की त्वचा उखड़ी हुई थी तथा गले पर खरोंच के स्पष्ट निशान मौजूद थे। फिलहाल पुलिस ने मर्ग 302 का अपराध पंजीबध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### शादी नहीं कराने पर सल्फास खिलाकर मारने की दी थी धमकी

जांच में उजागर हुआ कि आरोपी राहुल धोटे ने घटना से दो दिन पूर्व मृतिका के माता-पिता को घर जाकर धमकी दी, कि यदि उनकी बेटी देवी की शादी उससे नहीं कराई गई, तो वह उसे सल्फास खिलाकर जान से मार देगा। घटना के दिन आरोपी को मृतिका के घर के आसपास घूमते हुए देखा गया तथा उसकी मोबाइल लोकेशन भी घटनास्थल पर ही पाई गई। चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण हाईट बोन फ्रैक्चर (कंठिका अस्थि का टूटना), श्वास अवरोध (स्टैंगुलेशन) एवं छोटी आंत में छिद्रन से उत्पन्न जटिलताएं बताया गया है,जिससे यह स्पष्ट हुआ कि मृत्यु स्वाभाविक नहीं, बल्कि हत्या ही है।

### आरोपी ने पूछताछ में स्वीकारा जुर्म

आरोपी राहुल पिता साहेबराव धोटे, उम्र 25 वर्ष, निवासी बासनेर खुर्द को अभिरक्षा में लेकर क?ाई से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी ने एकतरफा प्रेम में असफल होने के कारण हत्या करना स्वीकार किया। आरोपी की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त की गई। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में एफएसएल निरीक्षक आबिद अंसारी, प्रभारी सीन ऑफ क्राइम मो. यूनिस, थाना प्रभारी उप निरीक्षक वहीद खान, सउनि दिलीप टांडेकर, आर. हर्षवर्धन पवार, प.आर. उमा जावलकर, सैनिक 195 अमित तथा सायबर सेल शाखा से आर. राजेन्द्र धाडसे की भूमिका सराहनीय रही।

### मृतिका के पिता ने हत्या के साथ-साथ बलात्कार का आरोप

मृतिका के पिता ने पुलिस अधीक्षक बैतूल को ज्ञापन सौंपकर आरोपी पर हत्या के साथ-साथ बलात्कार करने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित द्वारा दिये गये आवेदन में कहा गया है कि मेरी लडकी के गले में नाखुन के निशान थे। गले में सोने की हाय जो गले में पहनी थी, गला दबाने से गले में पहले हाय के निशान गले पर पड़ गये थे। सिर, गाल, पैर, पेट पर चोट के निशान थे। इसके अलावा शरीर पर भी चोटे के निशान पाये गये। जिससे पीड़ित ने आशंका जताई है कि उनकी बेटी के साथ मारपीट और गला दबाकर बलात्कार कर हत्या कर दी गई। क्योंकि आरोपी राहुल धोटे ने दो दिन पहले ही उन्हें धमकी दी थी। पीड़ित ने एसपी से आरोपी पर हत्या, बलातकार का अपराध दर्ज कर उक्त मामले की सूक्ष्मता से जांच कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। मृतिका लडक्री के पिता का कहना है कि आरोपी के परिवारजन भी उन्हें डरा धमका रहे हैं।

**सल्फास की गोलियां खिलाई थीं**

आरोपी राहुल ने मृतिका का गला घोंटकर हत्या कर दी और हत्या को छिपाने के लिए सल्फास की गोलियां मृतिका के मुंह में डाल दी और आसपास बिखेर दी थी। पुलिस ने आरोपी राहुल धोटे को गिरफ्तार कर लिया है।

- **वीरेन्द्र जैन**, एसपी, बैतूल

## गांवों से आने वाली छात्राओं को मिली राहत

# कन्या शाला की 97 छात्राओं को मिली निशुल्क साइकिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

गंज स्थित ई.एफ.ए. शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में 04 फरवरी को शासन की योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य ललित लाल लिल्होरे के मार्गदर्शन में कक्षा 9 की 97 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में छात्राओं के पालक, विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने जानकारी देते हुए बताया कि साइकिल वितरण से आसपास के गांवों से आने वाली 97 छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और उनकी पढ़ाई नियमित रूप से जारी रह सकेगी। इस अवसर पर प्राचार्य ललित लाल लिल्होरे ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार शासकीय विद्यालयों में पढने वाली छात्राओं के लिए हर संभव मदद कर रही है। उन्होंने छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने ग्राम, शहर, प्रदेश एवं देश का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया। प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने भी छात्राओं को निरंतर आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

## 15 फरवरी को बैतूल में निकलेगी देवाधिदेव भोलेनाथ की दिव्य बारात

**बैतूल।** महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर बैतूल नगर में भव्य शिव बारात महोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उल्लास के साथ किया जा रहा है। श्री शंभू भोले सेवा उत्सव समिति, बैतूल के तत्वावधान में आयोजित यह आयोजन अपने सातवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। समिति के अक्षय तातेड़ ने बताया कि देवाधिदेव भोलेनाथ की भव्य बारात 15 फरवरी रविवार को दोपहर 4 बजे से निकाली जाएगी। भव्य शिव बारात का शुभारंभ महाकाल मंदिर से होगा। इसके बाद बारात मरही माता मंदिर, लल्ली चौक, अखाड़ा चौक होते हुए नगर भ्रमण करेगी और अंत में पुनः महाकाल मंदिर में समापन होगा। समिति द्वारा नगरवासियों से वैवाहिक मंगलोत्सव के प्रत्येक कार्यक्रम में सपरिवार उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। शिव बारात में इस बार कोरकू संस्कृति समिति का पारंपरिक लोकनृत्य विशेष आकर्षण रहेगा। राज्यपाल से सम्मानित यह दल अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय मंचों पर मध्यप्रदेश और बैतूल का नाम रोशन कर चुका है। ढोल, बांसुरी और पारंपरिक वेशभूषा के साथ कोरकू समुदाय का गदली-सुसुन नृत्य शिव बारात में शामिल होकर धार्मिक उल्लास के साथ लोकसंस्कृति की जीवंत झलक प्रस्तुत करेगा। समिति के तथागत मिश्रा ने बताया शिव विवाह उत्सव के अंतर्गत विभिन्न तीर्थों के नाम पर पारंपरिक रस्मों का आयोजन किया जा रहा है। सोमनाथ की सगाई 8 फरवरी, रविवार को सायं 4 बजे होगी। ओंकारेश्वर का टीका 9 फरवरी 2026, सोमवार को सायं 7 बजे संपन्न होगा। इसी तरह केदारनाथ की खनमिट्टी 10 फरवरी 2026, मंगलवार को सायं 4 बजे होगी। भीमाशंकर का मंडप 11 फरवरी, बुधवार को प्रातः 11 बजे सजाया जाएगा। काशी विश्वनाथ की हल्दी 12 फरवरी, गुरुवार को दोपहर 1 बजे तथा त्र्यंबकेश्वर की मेहंदी 13 फरवरी, शुक्रवार को रात्रि 8 बजे आयोजित होगी। रामेश्वरम का संगीत 14 फरवरी, शनिवार को रात्रि 8 बजे होगा।

## आईटीआई कालेज में संपन्न हुआ युवा संवाद

# विकसित भारत के विजन को पूरा करने वाला बजट : कमलेश सिंह




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

केंद्रीय बजट 2026 को लेकर बालक आईटीआई सदर एवं महिला आईटीआई कोसमी में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बजट प्रचार अभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं सशक्त नेतृत्व में देश विकसित भारत के विजन को लेकर आगे बढ रहा है। यह बजट देश के आर्थिक विकास की नई सम्भावनाओ के द्वार खोलेगा। इस बजट में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर प्राप्त होगें वहीं महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण होगा।

बजट में मैन्युफैक्चरिंग एवं एआई आधारित तकनीकी के विकास पर विशेष जोर दिया गया है। इस बजट में 1 लाख 40 हजार करोड रुपये शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के व्यापक अवसर पैदा करने के लिए खर्च होगें। युवाओं से संवाद करते हुए कमलेश सिंह ने कहा कि 15 हजार सेकेंडरी स्कूल एवं 500 कॉलेज में क्रियेटर लैब की स्थापना होगी। जिसमे युवाओं को एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट, कॉमिक गेमिंग्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं अगले 5 वर्षो में 20 लाख युवाओं को तैयार किया जाएगा। इसमें गेमिंग्स स्टार्टअप के लिए 10 हजार करोड का फंड रखा गया है। बजट में 5 टाउनशिप यूनिवर्सिटी बनाने का प्रावधान जिसमे छात्रों को कॉरपरेट मित्र बनाया जाएगा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटलिटी की स्थापना की जा रही है। देश के प्रमुख टूरिस्ट साइट को चिन्हित किया गया है यहां पर युवाओं को 12 हप्ते की ट्रेनिंग दी जाएगी एवं 10 हजार टूरिस्ट गाइड तैयार किये जायेंगे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रश्मि साहू ने कहा कि प्रत्येक जिले में महिला छात्रावास की स्थापना एवं स्वसहायता समुह की बहनों के लिए सी मार्ट प्रारंभ करने का सरकार का निर्णय स्वागत योग्य है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंशुल राजपुत, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता मालवी, मोर्चा जिला महामंत्री सुनीता देशमुख, पुजा अमझरे, प्रमेश राजपुत, राहूल वडुकले, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## वन अधिकार दावों के निराकरण में पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश

# सभी पात्र हितग्राहियों को मिले वन अधिकार पट्टों का लाभ: संभागायुक्त



**बैतूल।** जिले के सभी 92 वन ग्रामों के पात्र व्यक्तियों को वन अधिकार पट्टों का लाभ प्राथमिकता से प्रदान किया जाए। राज्य शासन द्वारा वन अधिकार पट्टों के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप वन अधिकार दावों का निराकरण पूरी गंभीरता और तत्परता से किया जाए।

यह निर्देश संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने सभी एसडीएम, एसडीओ फॉरेस्ट, जनपद सीईओ तथा 92 वन ग्रामों के वन रक्षक, पटवारी एवं सचिवों को दिए। संभागायुक्त श्री तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को जे.एच. कॉलेज के ऑडिटोरियम में वन विभाग, राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत वन अधिकार पट्टों के निराकरण सहित अन्य विषयों पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीसीएफ श्री मधु वी. राज, कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, डीएफओ नवीन गर्ग, डीएफओ लक्ष्मीकांत वासनिक, डीएफओ अरिहंत कोचर सहित सभी एसडीएम, जनपद सीईओ तथा 91 वन ग्रामों के बीट गार्ड, पटवारी और रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

बैठक में संभागायुक्त ने विभिन्न ग्रामों के बीट गार्ड, पटवारी एवं रोजगार सहायक से चर्चा कर वन ग्रामों की बाहरी सीमा निर्धारण एवं नक्शा तैयार करने की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन वन ग्रामों के नक्शे अभी तैयार नहीं हुए हैं, वहां बीट गार्ड, सचिव, पटवारी एवं वन समिति संयुक्त रूप से ग्राम भ्रमण कर नक्शा तैयार करें तथा संयुक्त हस्ताक्षर कर प्राथमिकता से प्रस्तुत करें। साथ ही संयुक्त रूप से वन अधिकार पट्टों के हितग्राहियों का चयन, दावों की स्थिति का चिन्हांकन तथा निर्धारित प्रपत्रों की तैयारी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी प्रकार की विसंगति न रहे। उन्होंने कहा कि इस कार्य में पेसा मोबिलाइजर एवं जन अभियान परिषद का सहयोग लिया जाए। फौती नामांतरण के प्रकरणों का निराकरण वन एवं राजस्व अमला आपसी समन्वय से समय-सीमा में करें तथा अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों का निपटारा किया जाए। सामुदायिक वन अधिकार दावों के शीघ्र निराकरण के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने नक्शा तैयार करने का कार्य तीन दिवस में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि तैयार सभी दावों का ग्राम स्तरीय समिति से अनुमोदन कर उप-खंड स्तरीय समिति को भेजा जाए। उप-खंड स्तरीय समिति से अनुमोदित दावों का अंतिम निराकरण जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाए। बैठक में अधिकारियों एवं मैदानी अमले को राज्य शासन के दिशा-निर्देशों और अपेक्षाओं से अवगत कराया गया तथा निराकरण में आ रही समस्याओं पर चर्चा कर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इसके अतिरिक्त बैठक में वन व्यवपवर्तन (डायवर्जन) के प्रकरणों की समीक्षा की गई तथा अधिसूचना से संबंधित लंबित प्रस्तावों पर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही शिक्षा, एमपीईबी, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन, जल निगम, उद्योग आदि विभागों के विकास कार्यों से जुड़ी अनापत्ति (एनओसी) विषयों पर भी चर्चा की गई।

## बघोली में कृषि कार्यशाला आयोजित



**बैतूल।** कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अवसर पर बैतूल विकासखंड की ग्राम पंचायत बघोली में गुरुवार को किसान रथ के माध्यम से किसान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपसंचालक कृषि बैतूल डॉ. आनंद बड़ोनिया ने किसानों को ई-टोकन प्रणाली की जानकारी देते हुए नरवाई प्रबंधन के लिए उपयोगी आधुनिक कृषि यंत्रों स्ट्रॉ रीपर एवं रीपर कम बाइंडर के उपयोग एवं लाभ बताए। उन्होंने उन्नत कृषि तकनीकों, मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, स्प्रिंकलर एवं ड्रिप जैसी सब्सिडाइज्ड इरिगेशन योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही चना एवं गेहूं की फसल में लगने वाली प्रमुख बीमारियों और उनके प्रबंधन पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। सहायक कृषि यंत्री डॉ. मीणा ने ई-कृषि यंत्र पोर्टल के माध्यम से कृषि यंत्रों पर मिलने वाले अनुदान की प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाते हुए किसानों को योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान प्राकृतिक खेती अपनाने के फायदे बताते हुए रासायनिक लागत कम कर उत्पादन बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। कार्यशाला में सहायक कृषि यंत्री डॉ. प्रमोद मीणा, कृषि वैज्ञानिक आर.डी. बारपेटे, ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती वर्षा डांगे, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता डांगे, सहायक संचालक श्री दीपक कुमार सरयाम, कृषि विस्तार अधिकारी नयन अंबुलकर, दिनेश चौहान, पशुपालन विभाग से सरिता उइके सहित बड़ी संख्या में कृषक बंधु उपस्थित रहे।

## कलेक्ट्रेट पहुंचकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर की नारेबाजी, सौंपा ज्ञापन

# फर्जी आपत्ति करने वाले बीएलए पर दर्ज हो एफआईआर: निलय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची से बड़ी संख्या में कांग्रेसी मतदाताओं के नाम काटे जाने के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष निलय डागा के नेतृत्व में 5 फरवरी को शाम 4 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी के विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के बीएलए 2 द्वारा फॉर्म 7 का दुरुपयोग कर सुनियोजित तरीके से मतदाताओं के नाम हटाने की कार्यवाही की जा रही है।

फॉर्म 7 के कथित दुरुपयोग और फर्जी शिकायतों को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने दोषी बीएलए 2 के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि वेबसाइट पर 21 जनवरी को आपत्ति दर्ज कराने की अंतिम तारीख दर्शाई गई है, इसके बावजूद जिले भर में लगभग 350 मतदाताओं को नोटिस जारी कर दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय बुलाया जा रहा है और अब भी फॉर्म 7 स्वीकार किए जा रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या जिला निर्वाचन अधिकारी और पूरा निर्वाचन आयोग भारतीय जनता पार्टी के दबाव में काम कर रहा है और क्या देश में निष्पक्ष चुनाव संभव नहीं रह गए हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के दौरान भाजपा के बीएलए 2 द्वारा दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों को विशेष रूप से निशाना बनाया जा रहा है। निलय डागा ने बताया कि उनके स्वयं के बूथ क्रमांक 78 पर भाजपा के बीएलए 2 प्रदीप सोनी द्वारा मोहम्मद दानिश पारेख, सबा खान, नौसीन खान, शाहिन, असलम खान, सीमा खान सहित लगभग 30 फॉर्म 7 जमा किए गए, जबकि मोहम्मद दानिश पारेख स्वयं कांग्रेस के बीएनए 2 हैं। पूछताछ पर प्रदीप सोनी द्वारा हस्ताक्षर न किए जाने की बात कही गई। कांग्रेस ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची में लगभग 25 प्रतिशत मतदाता संदेह के घेरे में हैं। करीब 5 प्रतिशत मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूची से मिलान शेष है, जबकि 20 प्रतिशत मतदाताओं के नाम या पिता के नाम की स्पेलिंग 2003 के रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रही है। घोड़ाडोंगरी विधानसभा के बूथ क्रमांक 51 में 700 में से 245 और बैतूल के आजाद वार्ड स्थित बूथ क्रमांक 78 में लगभग 200 मतदाता इस श्रेणी में आते हैं।



### फर्जी आपत्तियों पर एफआईआर की मांग

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्येक बूथ पर भाजपा के बीएलए 2 द्वारा बड़ी संख्या में फॉर्म 7 देकर जांच के नाम पर पात्र मतदाताओं के नाम कटवाने का प्रयास किया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध और आपराधिक कृत्य है। ज्ञापन में पूरे जिले में जमा फॉर्म 7 की उच्च स्तरीय जांच कराने और फर्जी शिकायत करने वाले भाजपाई बीएलए 2 के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौपने वालो में कांग्रेस जिलाध्यक्ष निलय विनोद डागा, प्रदेश संगठन उपाध्यक्ष सुखदेव पांसे, पूर्व विधायक भैंसदेही धरमुसिंह सिरसाम, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पट्टन संजय यादव, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि भीमपुर तिरूपति एरेलु, प्रदेश सचिव समीर खान, लोकसभा प्रत्याशी रामु टेकाम, विधानसभा प्रत्याशी मनोज मालवे सहित सैंकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### ड्राइविंग प्रशिक्षण के बाद अब महिलाएं संभालेंगी स्टेयरिंग



**इटारसी।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नई दिशाएं नारी विकास समिति द्वारा 52 महिलाओं को 45 दिवसीय निःशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण दिया गया। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय में आरटीओ ने सभी को ड्राइविंग टिप्स और मोटर व्हीकल एक्ट की जानकारी दी। प्रशिक्षित महिलाओं को जल्द ही निःशुल्क लाइसेंस वितरित किए जाएंगे। इस पहल से महिलाओं में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया।

### एक दिवसीय सीएचओ की बैठक की गई आयोजित

**नर्मदापुरम।** गुरूवार को राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय सीएचओ (1 बैच) की बैठक सीएमएचओ नरसिंह गहलोत की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कार्यकम का मुख्य उद्देश्य जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभाव को रोकने हेतु जागरूक करना है। बैठक मैं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी गई।

## विधानसभा में दिनरात जारी सुधार कार्य, दिए हैं 39 हजार नोटिस

# दो दिन में करना होगा मतदाता सूची से 'लॉजिकल एरर्स' का सुधार कार्य

भारत निर्वाचन आयोग के एसआईआर अंतर्गत मतदाता सूची में पाए गए लॉजिकल एरर्स सुधारे जा रहे हैं। सोहागपुर विधानसभा अंतर्गत एरर सुधार दो दिन में करना है। विधानसभा क्षेत्र में 39 हजार मतदाताओं को नोटिस दिए गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर विधानसभा रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में एरर सुधार के लिए 41 एआरओ निर्धारित किए गए हैं। इनमें से 30 एआरओ लॉजिकल एरर्स के लिए सुनवाई करेंगे। जबकि 11 है एआरओ रिजर्व में हैं। एसडीएम भल्लावी ने बताया कि 10 फरवरी तक सभी सुनवाई पूर्ण करने के आदेश हैं। तथा चार फरवरी से एआरओ केंद्रों पर सुनवाई शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि एक एआरओ को आठ से 10 मतदान केंद्र




दिए गए हैं। लॉजिकल एरर्स में छह प्रकार की त्रुटियों को दूर किया जाएगा। जिनमें मतदाता का नाम, सरनेम, मध्य नाम बदलने अथवा पूर्व में अंग्रेजी में व वर्तमान मतदाता सूची में हिंदी में विवरण होने से संबंधित डाटा सम्मिलित हैं।

### यह है नोटिस विवरण

सोहागपुर विधानसभा निर्वाचन शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र में 39 हजार 970 नोटिस दिए गए हैं। इन सभी नोटिस में मतदाताओं के विवरण में लॉजिकल एरर्स शामिल हैं। एसडीएम प्रियंका भल्लावी ने बताया कि 22 फरवरी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के पूर्व एरर्स दूर किए जाने हैं। जानकारी अनुसार सोहागपुर विधानसभा के ब्लॉक सोहागपुर में 16,317 नोटिस वितरित किए गए हैं। जबकि माखन नगर में 18,897 एवं इटारसी विकासखंड में 6,847 नोटिस वितरित किए गए हैं। ये तीनों ब्लॉक के क्षेत्र सोहागपुर विधानसभा में सम्मिलित हैं।

### नियमित हो रही सुनवाई

इधर हरिभूमि संवाददाता ने सोहागपुर शहर में एआरओ सेंटर्स का भ्रमण किया, जिसमें नप कार्यालय तथा नई तहसील कार्यालय शामिल हैं। इस दौरान नज़र आया



कि दोनों केंद्रों पर आपत्तियों के निराकरण के कार्य जारी हैं। नप कार्यालय में शहरी मतदाताओं के एरर्स सुधरे जा रहे हैं। नई तहसील में तहसीलदार रामकिशोर झरबड़े के नेतृत्व में समूचे ब्लॉक क्षेत्र के एरर्स सुधरे जा रहे हैं।

### अपलोड कर रहे फोटो

गुरुवार को नप कार्यालय में उपयंत्री बृजेश खानोरकर ने लॉजिकल एरर्स सुधार कार्य का निरीक्षण किया। नप के बीएलओ ने बताया कि शहर के लॉजिकल एरर वाले मतदाताओं की सुनवाई कार्यालय में हो रही है। सुनवाई दौरान निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप पर फोटो अपलोड की जा रही है। अपलोड किये जाने वाले दस्तावेजों में नोटिस पत्रक, संबंधित मतदाता की वोटर आईडी की फोटो, बीएलओ द्वारा निराकरण दस्तावेज की फोटो तथा पेशी पर उपस्थिति की फोटो शामिल हैं।

# नपाध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया वार्डों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और चल रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने विभिन्न वार्डों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पार्षदों के साथ निर्माण कार्यों की जमीनी हकीकत जानी और अधिकारियों को गुणवत्ता से समझौता न करने की चेतावनी दी।

### गुणवत्ता और समय सीमा पर जोर

निरीक्षण की शुरुआत में नपा अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 6 में पार्षद जिम्मी कैथवास के साथ नाली निर्माण कार्य देखा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नालियों का निर्माण इंजीनियरिंग मापदंडों के अनुरूप होना चाहिए ताकि जल निकासी सुचारू रहे। इसके पश्चात, वार्ड क्रमांक 8 में पार्षद ज्योति बाबरिया, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार बाबरिया की उपस्थिति में रोड निर्माण का जायजा लिया गया। अध्यक्ष ने



सड़क की फिनिशिंग और मजबूती को लेकर ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए।

### जनता की सुविधा सर्वोपरि

वार्ड क्रमांक 12 में पार्षद मंजीत कलोसिया के साथ नाली निर्माण का निरीक्षण करते हुए पंकज चौरे ने स्थानीय निवासियों से भी संवाद किया। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य केवल निर्माण करना नहीं, बल्कि टिकाऊ विकास करना है। अध्यक्ष से लेकर पार्षद तक, हम सभी यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि जनता को दी जा रही सुविधाएं लंबे समय तक उनका साथ दें।

### शेख फारूक कांग्रेस से निष्कासित

**इटारसी।** कांग्रेस पार्टी ने न्यू यार्ड एवं मेहरागांव क्षेत्र के कार्यकर्ता शेख फारूक पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 137 की अनुशासन समिति की रिपोर्ट के आधार पर उन्हें एक वर्ष के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। शेख फारूक पर अनुशासनहीनता के गंभीर आरोप थे। अनुशासन समिति द्वारा संपर्क करने और स्पष्टीकरण मांगे जाने के बावजूद उनकी ओर से कोई संतोषजनक जवाब या स्पष्टीकरण पेश नहीं किया गया। इसे पद की गरिमा और पार्टी अनुशासन का उल्लंघन मानते हुए समिति ने उन्हें दोषी करार दिया।

# इटारसी मंडी में धान की कीमतों में जोरदार उछाल आया, 4450 रुपए तक बिकी 1718 किस्म की धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कृषि उपज मंडी में इन दिनों धान की फसल लेकर आ रहे किसानों के लिए अच्छी खबर है। गुरुवार को मंडी में धान के दामों में शानदार बढ़त दर्ज की गई, जिससे अन्नदाताओं के चेहरे खुशी से दमक उठे हैं।

क्षेत्र में अभी भी बड़ी मात्रा में धान की कटाई और गहाई का काम जारी है, जिसके चलते मंडी में रोजाना सैकड़ों ट्रॉली धान पहुंच रही है। मंडी सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों के मुकाबले आज धान की विभिन्न किस्मों के भाव में अच्छी तेजी देखी गई। व्यापारियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा और धान की गुणवत्ता के कारण किसानों को अपनी उपज का वाजिब और आकर्षक दाम मिल रहा है।

यही वजह है कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ दूर-दराज के किसान भी अपनी फसल बेचने के लिए इटारसी मंडी का रुख कर रहे हैं। धान की भारी आवक के कारण मंडी परिसर में चारों ओर धान की ढेरियां और ट्रॉलियां नजर आ रही हैं। किसानों का कहना है कि इस बार



फसल अच्छी हुई है और अब मंडी में दाम भी बेहतर मिल रहे हैं, जिससे हमारी मेहनत सफल होती दिख रही है। मंडी प्रशासन भी आवक को देखते हुए नीलामी और तुलाई की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में जुटा है।

### बाजार में बढ़ी हलचल

धान के अच्छे दाम मिलने का सीधा असर शहर के बाजार पर भी पड़ रहा है। किसानों की जेब में पैसा आने से बाजार में खरीदारी बढ़ी है, जिससे व्यापारियों में भी उत्साह का माहौल है। जानकारों की मानें तो आने वाले कुछ दिनों तक आवक और भाव का यह सकारात्मक रुख जारी रह सकता है।

### मंडी भाव एवं आवक

सचिव प्रशांत पांडेय एवं विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल ने बताया कि धान की आवक आज मंडी में लगभग 400 से 500 ट्रॉली के करीब रही। मंडी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, धान की विभिन्न किस्मों के भाव इस प्रकार रहे।

**धान (1718):** यह किस्म आज मंडी में सबसे तेज रही, जो न्यूनतम 3,800 से लेकर अधिकतम 4,450 रुपए प्रति क्विंटल तक बिकी। इसका मॉडल भाव 4,200 रुपए रहा।

**धान (पूसा):** पूसा धान की खरीदी न्यूनतम 3,200 रुपए से अधिकतम 3,750 रुपए प्रति क्विंटल के बीच हुई। इसका मॉडल भाव 3,500 रुपए रहा।

**धान (क्रांति):** क्रांति धान के भाव न्यूनतम 1,800 रुपए से अधिकतम 2,150 रुपए प्रति क्विंटल तक रहे। इसका मॉडल भाव 2,000 रुपए रहा।

# रेलवे अस्पताल में सुविधाओं का अभाव 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ ने इटारसी प्रवास पर आए पश्चिम मध्य रेल के मुख्य चिकित्सा निदेशक का स्वागत करते हुए रेल कर्मचारियों और उनके परिजनों की चिकित्सा संबंधी ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। संघ ने उप मंडल रेल चिकित्सालय नया यार्ड की जर्जर स्थिति और संसाधनों की कमी को लेकर 11 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है ।

### प्रमुख मांगें और समस्याएं..

नई बिल्डिंग का निर्माणः नया यार्ड स्थित रेल चिकित्सालय की वर्तमान बिल्डिंग अत्यंत जर्जर है, संघ ने मांग की है कि प्रस्तावित नई बिल्डिंग नया यार्ड में ही बनाई जाए।

**रिक्त पदों की पूर्तिः** चिकित्सालय में पिछले 2 वर्षों से रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त है। इसके अलावा हृदय रोग, नेत्र, ईएनटी, बाल रोग और हड्डी रोग विशेषज्ञों के साथ-साथ एसीएमएस डॉक्टर की पदस्थापना की मांग भी की गई है।

**सुरक्षा और सुविधाः** असामाजिक तत्वों के डर को देखते हुए अस्पताल में 24 घंटे सुरक्षा गार्ड तैनात करने



और एम्बुलेंस सेवा में सुधार करने की आवश्यकता जताई गई है।

**संसाधनों की कमीः** वार्डों में मच्छरदानी, गद्दे, चादर और तकिया जर्जर स्थिति में हैं, जिन्हें बदलने की मांग उठाई गई है, साथ ही दवाओं के लिए मासिक बजट को दोगुना करने का आग्रह किया गया है। संघ के अध्यक्ष प्रीतम तिवारी ने विश्वास जताया कि इन समस्याओं के निराकरण से रेल कर्मचारियों को राहत मिलेगी और औद्योगिक शांति बनी रहेगी।

### राज्यसभा सांसद ने किया शोक व्यक्त, दी श्रद्धांजलि

**नर्मदापुरम।** नीमच जिले की मड़ावदा पंचायत के ग्राम रानापुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में घटित अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक घटना ने पूरे प्रदेश को गहरे शोक में डुबो दिया है। आंगनबाड़ी केंद्र में मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले के दौरान मासूम बच्चों की रक्षा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कंचनबाई जी द्वारा प्रदर्शित साहस, संवेदनशीलता और बलिदान सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने इस दुःखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कंचनबाई जी ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए जिस निःस्वार्थ भाव से बच्चों की रक्षा की, वह नारी शक्ति और मातृत्व की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। उन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बिना बच्चों को तिरपाल से ढँककर सुरक्षित स्थान तक पहुँचाया। इस वीरतापूर्ण प्रयास में वे स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गईं और उपचार के दौरान उनका दुःखद निधन हो गया।

# गोलू भाटिया खेल एवं युवक कल्याण विभाग में विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने अपनी सक्रिय टीम में विस्तार करते हुए अमनकीत सिंह भाटिया गोलू को खेल एवं युवक कल्याण विभाग में अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति का उद्देश्य क्षेत्र में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना और युवाओं की समस्याओं को शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है।

विधायक कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान डॉ. सीतासरन शर्मा ने अमनकीत सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपा और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल चौरे विशेष रूप से उपस्थित रहे। अमनकीत की नियुक्ति से खेल विभाग और खिलाड़ियों के बीच समन्वय बेहतर होगा। नवनियुक्त प्रतिनिधि



अमनकीत सिंह भाटिया ने विधायक डॉ. शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों के हित में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

# देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



ग्राम करनपुर में समाज सेवी हरगोविंद पुर्विया द्वारा निर्मित मंदिर में देव प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। जिसकी कलश यात्रा गुरुवार की सुबह ग्राम में निकाली गई है। हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि उनके पूज्य पिता स्वर्गीय महेंद्र सिंह जी गौर की स्मृति में देव प्राण प्रतिष्ठा समारोह किया जा रहा है। जिसमें यह आयोजन पांच से 11 फरवरी तक होगा। जिसकी कलश यात्रा गुरुवार सुबह निकाली गई है। हरगोविंद पुर्विया ने बताया कि पांच फरवरी से 11 फरवरी तक मंदिर परिसर में नियमित धार्मिक आयोजन होंगे। वहीं 10 एवं 11 फरवरी को पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य जी के आशीर्वचन क्षेत्र को प्राप्त होंगे। 11 फरवरी को भंडारा आयोजन किया जाएगा। गुरुवार सुबह निकाली गई कलश यात्रा में क्षेत्रीय नागरिक, जनप्रतिनिधि व श्रद्धालु उपस्थित हुए।

# विज्ञान प्रदर्शन में विकास समिति सदस्य अग्रवाल ने सराही बच्चों की मेहनत

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

टीआरएम स्कूल, पुरानी इटारसी में गुरुवार को विद्यार्थियों द्वारा ज्ञान प्रदर्शनी 'उद्भास' का प्रदर्शन किया गया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों द्वारा 11 विभिन्न विष्यों जैसे आर्टिफिशल इंटेलिजंस, विज्ञान, प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा, नैतिक विज्ञान आदि पर 150 से अधिक मॉडल प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विकास सलाहकार समिति, नर्मदापुरम के सदस्य सत्यम अग्रवाल ने प्रदर्शनी का विधिवत शुभारंभ किया। अग्रवाल ने प्रत्येक विद्यार्थी से रूबरू होकर उनके द्वारा बनाए गए मॉडल के विषय में जाना और सभी विद्यार्थियों की महनत और लगन की प्रशंसा की। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण कक्षा केजी के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल थे जिसको बड़े ही आत्मविश्वास के साथ छोटे-



छोटे बच्चों ने अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया। सत्यम अग्रवाल द्वारा विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रदर्शनी के नाम उद्भास का सही अर्थ समझाया गया की कैसे जीवन में यह विभिन्न विषयों की सीख आपको ज्ञान रूपी प्रकाश की ओर लेकर जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल-कूद के साथ-साथ जीवन में पढ़ाई का महत्व भी समझाया। प्राचार्या रश्मा भाटिया ने बच्चों को इस ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी के लिए बधाई देते हुए विद्यालय के समस्त शिक्षिकाओं के योगदान की सराहना की।

## विजेता को 31 हजार, उपविजेता को 21 हजार रुपए दिए गए

# मंडीदीप ने जीता अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

स्थानीय कॉलेज के खेल मैदान पर गुरुवार को अखिल भारतीय टूर्नामेंट का समापन हुआ। जिसमें मंडीदीप ने सोहागपुर को पराजित कर इनामी राशि एवं ट्राफी पर कब्जा किया। विजेता तथा उपविजेता को सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह की उपस्थिति में पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति अध्यक्ष जयराम रघुवंशी, संयोजक अश्विनी सरोज व सचिव पवन सिंह चौहान ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान की स्मृति में प्रतिवर्ष अखिल भारतीय टूर्नामेंट किया जाता है। इस बार वार्षिक कड़ी का 61 वां आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच गुरुवार दोपहर चार बजे प्रारंभ हुआ।



अभिनव पालीवाल तथा आरिफ कुरैशी ने बताया कि फाइनल मैच का पहला हॉफ काफी रोमांचक रहा व दोनों टीमों ने तगड़ा खेल दिखाया। वहीं अंतिम स्कोर 6-1 रहा, जो कि मंडीदीप के पक्ष में गया। समापन पर अतिथियों विधायक विजयपाल सिंह, डॉ. अतुल सेठा, कपिल फौजदार, नप अध्यक्ष लता पटेल, कैलाश पालीवाल, हमीर सिंह चंदेल, जयप्रकाश माहेश्वरी, अभिलाष चंदेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा आदि की उपस्थिति में दोनों टीमों को पुरस्कृत किया गया। समिति संयोजक अश्विनी सरोज ने सभी अतिथियों, खिलाड़ियों तथा सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

**ये रहे पुरस्कार**

- प्रथम- 31000 रुपये व ट्रॉफी-मंडीदीप
- द्वितीय- 21000 रुपये व ट्रॉफी-सोहागपुर
- बेस्ट प्लेयर- मृदुल, मंडीदीप
- बेस्ट फॉरवर्ड- सत्यम, मंडीदीप
- बेस्ट गोलकीपर- रोनित, सोहागपुर
- बेस्ट डिफेंडर हर्ष डोंगरे, सोहागपुर
- अनुशासित खिलाड़ी- कौस्तुभ दुबे, सोहागपुर

# रेलवे स्टेशन के वेटिंग रूम से आईफोन की चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 स्थित प्रथम श्रेणी प्रतीक्षालय में मोबाइल चोरी करने वाले शातिर चोर को आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के पास से 45,000 रुपये कीमत का आईफोन बरामद कर लिया है। उल्लेखनीय है कि बीती 23 जनवरी को यात्री अंशु सिंगारे प्लेटफॉर्म नंबर 1 के फर्स्ट क्लास वेटिंग रूम में अपना आईफोन चार्जिंग पर लगाकर ध्यान कर रहे थे। इसी दौरान किसी अज्ञात चोर ने उनका मोबाइल पार कर दिया। फरियादी की शिकायत पर जीआरपी इटारसी ने अपराध क्रं. 68/2026 धारा 303(सी) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, भोपाल के निर्देशन में आरपीएफ प्रभारी इटारसी ने टीम के साथ सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक संदिग्ध नजर आया। 1 फरवरी 2026 को मुखबिर से सूचना मिली कि संदिग्ध हुलिए का व्यक्ति बस स्टैंड के पास देसी कलारी



के पास घूम रहा है। आरपीएफ और टीओपीबी टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की बात कबूल की। जीआरपी और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने आरोपी की तलाशी ली, तो उसकी पैंट की जेब से चोरी किया गया आईफोन बरामद हुआ। आरोपी की पहचान राकेश उर्फ हल्के मालवीय (29 वर्ष), निवासी ग्राम बेरखेड़ी, जिला नरसिंहपुर के रूप में हुई है। इस सफलता में सीआईबी भोपाल के प्रधान आरक्षक सूरज सिंह तोमर, उपनिरीक्षक राजवीर सिंह, एचसी एस.एन. पवार, आनंद पवार, आरक्षक निर्मल पटेल, राकेश मीना, सूर्य प्रकाश बामने और विजय कौशल की मुख्य भूमिका रही। फिलहाल आरोपी को नोटिस देकर आगामी न्यायालयीन कार्रवाई के लिए पाबंद किया गया है।

### रामजी बाबा मेले में सुरों के साधक आलोक की उपेक्षा

**नर्मदापुरम।** नर्मदांचल की आस्था के प्रतीक 'संत शिरोमणि रामजी बाबा मेला 2026' में इस बार व्यवस्थाओं की चकाचौंध तो है, लेकिन मानवीय संवेदनाओं का अभाव खटक रहा है। मेले की नई 'आउटसोर्सिंग' और ठेका प्रणाली ने न केवल स्थानीय कलाकारों के हक पर डाका डाला है, बल्कि वर्षों से अपनी कला के जरिए जीविकोपार्जन करने वाले दिव्यांग कलाकारों को भी हाशिए पर धकेल दिया है। इस पूरे विवाद का सबसे दुखद पहलू प्रख्यात भजन गायक आलोक शुक्ला की अनदेखी है। आलोक जी शारीरिक रूप से दिव्यांग हैं, लेकिन उनकी आवाज और भक्ति में जो बल है, उसने पिछले 32 वर्षों से मां जगदंबा की स्तुति के माध्यम से नर्मदापुरम की सांस्कृतिक पहचान को जीवित रखा है।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक का आयोजन 10 को

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में आगामी महाशिवरात्री, होली, रंगपंचमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्री, चेती चांद, ईद-उल-फितर, श्रीराम नवमी, महावीर जयंती, हनुमान जयंती, गुड फ्रायडे, डॉ अम्बेडकर जयंती, परशुराम जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुज्जुहा और मोहर्रम आदि त्यौहारों को शान्ति पूर्वक मनाये जाने के उद्देश्य से 10 फरवरी को दोपहर 03 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई है।

### श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा 8 को होगी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी 2026 को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा यह निर्देशित किया गया है कि परीक्षार्थी समय रहते अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें तथा निर्धारित तिथि एवं समय पर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित हों।

### कृषि आधारित उद्योग लगाने पर मिलेगी 50 प्रतिशत सब्सिडी

**सीहोर।** किसानों को कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषि उद्योग समागम मेला भी लगाए जा रहे हैं। कृषि आधारित उद्योग लगाने वाले किसानों को 50 प्रतिशत तक की सब्सिडी दी जाएगी। कृषि उद्योग से जुड़े रोजगार परक कारखाने बनायेंगे, जहां काम करने वाले को 5 हजार रुपये महिने भी दिये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाडरवारा में गौशाला निर्माण किए जाने और सुगम परिवहन सेवा भी उपलब्ध के अवसर पर कही।

### शिविर लगाकर किया गया 1048 बच्चों का टीकाकरण

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के रूप में मनाया जाता है, जिसके तहत शिविर लगाकर टीकाकरण के साथ ही बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस के तहत जिले में 03 फरवरी को आयोजित शिविरों में शून्य से एक वर्ष की आयु के 758 बच्चों तथा एक वर्ष से अधिक आयु के 290 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही 195 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

---

### राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शिक्षकों के प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उमंग स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम प्रभावी : डॉ. सिंह





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

उमंग है तो जिंदगी में रंग है, इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। यह बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एच.पी.सिंह ने उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला शिक्षा अधिकारी डी. एस. रघुवंशी ने बताया कि वर्तमान में उमंग कार्यक्रम को हाईस्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल में चलाया जा रहा है, जिसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। माध्यमिक शाला में कार्यक्रम के प्रारंभ होने से किशोर-किशोरियों को कम उम्र से जीवन कौशल की समझ विकसित होगी। डाइट प्राचार्य अजय कुमार कुम्भारे ने इसे वर्तमान समय के लिए अत्यंत आवश्यक गतिविधि बताया। शुभारंभ अवसर पर जिला समन्वयक आशीष साकल्ले ने बताया कि उमंग कार्यक्रम अंतर्गत स्कूली बच्चों को निर्धारित 10 जीवन कौशलों से परिचित करवाया जा रहा है। कार्यक्रम की मदद से बच्चे जीवन में आने वाले चुनौतियों का सामना मजबूती से कर सकेंगे। कार्यक्रम का एक और उद्देश्य है कि बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार किया जाये। जीवन कौशल शिक्षा पर आधारित इस कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव आ रहा है।

#### कक्षावार जीवन कौशल शिक्षा के मॉड्यूल हैं

राज्य स्तर से आए प्रशिक्षक नीलेश शिंदे ने बताया कि यह गतिविधि आधारित कक्षावार जीवन कौशल शिक्षा के मॉड्यूल हैं, जिसे शिक्षा विभाग और स्वास्थ विभाग द्वारा मिलकर चलाया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक माध्यमिक शाला से 2 शिक्षकों को (एक पुरुष एवं एक महिला) हेल्थ एवं वेलनेस एंबेसेडर के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षित शिक्षक हेल्थ एंड वैलनेस एम्बेसेडर कक्षाओं में जीवन कौशल गतिविधियों का संचालन करते हैं। इस दौरान एपीसी चंद्रगुप्त निमारे, उमंग मास्टर ट्रेनर संजय वर्मा, सुधा हथेल, राधेकृष्ण शुक्ला, अरूण शर्मा, ललित नारायण सोनी, विजय गौर, पारूल काशिव, दीपक गौर उपस्थित रहे।

#### प्रधानमंत्री आज करेंगे परीक्षा पे चर्चा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को देश के विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों के मन में उठने वाली शंकाओं का समाधान कर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित करेंगे। शुक्रवार को सभी विद्यालयों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है।

#### बोर्ड पैटर्न पर 5वीं, 8वीं की परीक्षा 20 से

जिले में शिक्षण सत्र 2025-26 की कक्षा 5वीं एंव 8वीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होगी। परीक्षा 20 फरवरी से शुरू होगी और 28 फरवरी तक चलेगी। राज्य शिक्षा केंद्र ने मंगलवार को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों के साथ-साथ निजी स्कूलों एवं मदरसों के विद्यार्थी भी शामिल होंगे।

---

### संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

# पटवारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्यप्रदेश पटवारी संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हरदा में प्रदर्शन किया। संघ ने फसल गिरदावरी के लिए लागू जियो फेंस तकनीक में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को उजागर करते हुए इसे स्थगित करने की मांग की। इसके साथ ही अन्य लंबित समस्याओं के निराकरण की मांग भी उठाई गई।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ के आह्वान पर उपप्रांताध्यक्ष राजीव जैन और जिलाध्यक्ष अनुराग करोलिया के नेतृत्व में पटवारियों ने संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन प्रमुख सचिव राजस्व एवं आयुक्त भू-अभिलेख के नाम था, जिसमें पटवारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और मांगों का उल्लेख किया गया। संघ ने बताया कि गिरदावरी के लिए उपयोग में लिया जा रहा सरकारी ऐप रियल टाइम डेटा से अपडेट नहीं है। इसके अलावा पटवारियों को कार्य के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। अभी तक पटवारियों को मोबाइल फोन तक प्रदान नहीं किए गए, जिससे डिजिटल कार्य बाधित हो रहा है।पटवारी संघ ने बताया कि पिछले लगभग तीन वर्षों से सर्वेयरों से गिरदावरी का कार्य कराया जा रहा है, लेकिन उन्हें अब तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया। इसी कारण सर्वेयर कार्य नहीं कर रहे हैं और गिरदावरी का पूरा भार पटवारियों पर आ गया है। जहां एक सर्वेयर के लिए अधिकतम 1000 खसरों की गिरदावरी का प्रावधान है, वहीं वर्तमान में पटवारियों को अपने हल्कों के गांवों में 5 से 10 हजार खसरों की गिरदावरी स्वयं करनी पड़ रही है।

---

# राजस्थान में खेजड़ी बचाने के लिए चल रहे आंदोलन के समर्थन में हरदा का विश्नोई समाज आगे आया



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

राजस्थान के बीकानेर में खेजड़ी बचाने के लिए चल रहे आंदोलन के समर्थन में हरदा में भी विश्नोई समाज आगे आया है। गुरुवार को शहर के वीर तेजाजी चौक पर समाज के लोगों ने एक दिवसीय उपवास शुरू किया। इसमें विश्नोई समाज के साथ-साथ अन्य समाजों के लोगों ने भी अपना समर्थन दिया। विश्नोई समाज युवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष लोकेश विश्नोई ने बताया कि जिस प्रकार बीकानेर में 363 संतों सहित लोगों द्वारा अनशन-धरना दिया गया। उसी के समर्थन में हरदा में 29 लोग धरना स्थल पर उपवास पर बैठे हैं। समाज के बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग अपने-अपने घरों पर रहकर इस आंदोलन का समर्थन कर रहे हैं। असल में, इस पूरे विवाद की वजह पश्चिमी राजस्थान में चल रहे सोलर पावर प्रोजेक्ट हैं। राजस्थान का राज्य वृक्ष खेजड़ी, जिसे रेगिस्तान की जीवनरेखा कहा जाता है, बड़ी संख्या में काटा जा रहा है। आंदोलनकारियों का आरोप है कि बीकानेर संभाग में विकास के नाम पर हजारों खेजड़ी के पेड़ काट दिए गए। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि कई जगहों पर पेड़ काटने के बाद सबूत मिटाने के लिए उन्हें रात के अंधेरे में जमीन में गाड़ दिया गया। इस तरह की शिकायतें भी सामने आई हैं। खेजड़ी की इस कथित अवैध कटाई से बिश्नोई समाज और पर्यावरण से जुड़े लोग गुस्से में हैं। उनका कहना है कि इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक आस्था भी आहत हो रही है। इसी वजह से उनका विरोध अब आंदोलन का रूप ले चुका है।

#### उग्र आंदोलन की चेतावनी

धरना स्थल पर समाज के लोगों ने हवन कुंड में आहुतियां छोड़ीं। संतों के साथ कई भक्तों ने भोजन त्यागने का निर्णय लिया। बीकानेर में अनशन पर बैठे संतों ने सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है कि यदि 'ट्री एक्ट' पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन उग्र होगा। समाज के लोगों का कहना है कि वे गुरु जंभेश्वर के 29 नियम मानने वाले हैं। वे मर जाएंगे, मिट जाएंगे पर गलत नहीं होने देंगे। यह अनशन 36 कौम के हित के लिए किया जा रहा है।

---

# टिमरनी में रेलवे ओवर ब्रिज बनाने अतिक्रमण हटाना शुरू, 84 आवासीय व व्यावसायिक ढांचों को हटाएंगे





हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले की टिमरनी तहसील मुख्यालय के वार्ड नंबर तीन में गुरुवार सुबह प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। यह कार्रवाई छिदगांव-हरदा रोड पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए की गई। मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमला मौजूद रहा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देश पर एसडीएम संजीव कुमार नागू के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। प्रशासन ने रेलवे ओवरब्रिज की जद में आ रहे कुल 84 आवासीय और व्यावसायिक ढांचों को हटाना शुरू किया। यह सभी निर्माण शासकीय भूमि पर बताए गए हैं। तहसीलदार श्वेता बमोरे ने बताया कि जिन लोगों के निर्माण हटाए जा रहे हैं, उन्हें 15 दिन पहले नोटिस दिए गए थे। इसके बाद उनकी पेशी भी हुई और बेदखली का आदेश जारी किया गया था। आदेश में एक सप्ताह के भीतर मकान और दुकानें हटाने के निर्देश दिए गए थे। गुरुवार सुबह मुनादी कराने के बाद कार्रवाई शुरू की गई।

#### प्रशासनिक अधिकारियों से बहस हुई

अतिक्रमण हटाने के दौरान स्थानीय लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बहस भी हुई। रहवासियों का आरोप है कि प्रशासन ने उन्हें दुकानों में रखा सामान हटाने का पूरा मौका नहीं दिया और सुबह से ही तोड़फोड़ शुरू कर दी गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार टिमरनी रमेश सिसोदिया, राजस्व निरीक्षक टिमरनी आनन्द तिवारी तथा हल्का पटवारी सहित पुलिस का दल मौजूद रहा।

---

# रेत माफिया में हड़कंप, डंपर व जेसीबी सहित 6 वाहन जब्त

### पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई, वाहन लेकर भागने की कोशिश की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



क्षेत्र की जीवनदायिनी कही जाने वाली पार्वती नदी इन दिनों रेत माफियाओं का चारागाह बनी हुई है। संबंधित खनिज विभाग की उदासीनता का फायदा उठाकर माफिया रात-दिन नदी का सीना छलनी कर रहे हैं। सोमवार की बीती रात अहमदपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध उत्खनन में लगे आधा दर्जन वाहनों को पकडऩे में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार अहमदपुर थाना प्रभारी और उप पुलिस अधीक्षक हेमंत पांडे सोमवार रात अपनी टीम के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था का जायजा लेने के लिए रात्रि गश्त पर निकले थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि पडिय़ाला गांव के पास पार्वती नदी में अवैध रूप से रेत निकाली जा रही है, जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो वहां का नजारा देख दंग रह गई। अंधेरे का फायदा उठाकर माफिया धड़ल्ले से काली रेत का उत्खनन कर रहे थे। पुलिस को देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई। खनन माफिया अपने वाहनों को लेकर भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन पुलिस बल ने सक्रियता दिखाते हुए उनकी घेराबंदी कर ली। कड़ी मशक्कत और जद्दोजहद के बाद पुलिस ने मौके से एक डंपर, चार ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक जेसीबी मशीन को अपने कब्जे में लिया। इन सभी 6 वाहनों को जब्त कर अहमदपुर थाने में खड़ा करवा दिया गया है।

---

# स्मार्ट मीटर से बिजली चोरी पर शिकंजा, एक माह में 253 अलर्ट, जांच में जुटी विद्युत कंपनी

**सीहोर।** नगर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर अब बिजली चोरी पकड़ने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। एक माह के भीतर 253 ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां स्मार्ट मीटर ने बिजली चोरी की सूचना सीधे कंपनी के सर्वर पर भेजी है। इसके बाद कंपनी ने उपभोक्ताओं के मीटरों की जांच शुरू कर दी है।

कंपनी ने नगर में पायलट प्रोजेक्ट के तहत स्मार्ट मीटर लगाने की शुरुआत की थी। सीहोर नगर के जोन वन में कुल 16,675 उपभोक्ताओं में से 11,568 उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। शुरुआत में इन मीटरों का काफी विरोध हुआ था, क्योंकि कई उपभोक्ताओं को आशंका थी कि इनसे बिल ज्यादा आएंगे। हालांकि, अब इन स्मार्ट मीटरों का लाभ विद्युत वितरण कंपनी को मिलने लगा है। ये मीटर 'न्यूट्रल डिस्टरबेंस' जैसी गतिविधियों को स्वयं पहचान लेते हैं और बिजली चोरी की जानकारी तत्काल कंपनी के कंप्यूटर सर्वर पर भेज देते हैं। इससे उन उपभोक्ताओं पर नकेल कसी जा रही है जो मीटर से छेड़छाड़ कर बिजली चोरी कर रहे थे, जिससे कंपनी को राजस्व का नुकसान हो रहा था। एक माह के दौरान मिली 253 सूचनाओं के आधार पर विद्युत वितरण कंपनी अब संबंधित उपभोक्ताओं के यहां पहुंचकर जांच कर रही है।

---

### खेल संस्थान मैदान पर कलेक्टर-सीईओ ने टेबल टेनिस में लगाए शॉट्स, चम्मच दौड़ में भाग लिया

# संस्कृति और एकता का संगम है आनंद उत्सवः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला मुख्यालय के खेल संस्थान मैदान पर बुधवार को नजारा कुछ अलग ही था। मौका था जिला स्तरीय आनंद उत्सव का, जहां प्रशासन और जनता के बीच की दूरियां खत्म होती नजर आईं। कार्यक्रम में सबसे ज्यादा चर्चा जिले के आला अफसरों के खिलाड़ी अवतार की रही। दिन भर फाइलों और मीटिंग्स में व्यस्त रहने वाले कलेक्टर बालागुरू के. और जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव न केवल खिलाडिय़ों का हौसला बढ़ाने पहुंचे, बल्कि खुद भी मैदान में उतर गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर बालागुरू ने कहा कि आनंद उत्सव महज एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और एकता का संगम है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से हमारी परंपराएं जीवित रहती हैं और समाज में आपसी तालमेल बढ़ता है। खेल हमें सिर्फ सेहतमंद ही नहीं रखते, बल्कि एक-दूसरे से जुडऩा भी सिखाते हैं।





**टेबल टेनिस की मेज पर दिखाई फुर्ती :** जैसे ही कलेक्टर साहब ने हाथ में रैकेट थामा और टेबल टेनिस की मेज पर उतरे, वहां मौजूद छात्र और लोग जोश से भर गए। कलेक्टर ने किसी मंझे हुए खिलाड़ी की तरह बेहतरीन शॉट्स लगाए। उनके साथ ही जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव ने भी टेबल टेनिस के मुकाबले में पूरी फुर्ती दिखाई। अधिकारियों को पसीना बहाते देख युवाओं का उत्साह भी दोगुना हो गया। सीईओ यादव ने इसके बाद पारंपरिक चम्मच दौड़ में भी हिस्सा लिया, जिसे देख सभी ने खूब तालियां बजाईं।

**खेलों के साथ स्थानीय जायके का आनंद :** मैदान पर दिन भर सितोलिया, गोलाफेंक, रस्सी कूद और कुर्सी दौड़ जैसे खेलों की धूम रहीए जिसने सबकी बचपन की यादें ताजा कर दीं। खेल के साथ-साथ यहां खाने-पीने का भी खास इंतजाम था। स्वसहायता समूह की महिलाओं ने स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल लगाए थे। कलेक्टर और सीईओ ने खुद इन स्टॉल्स पर जाकर पकवानों का स्वाद चखा और दीदियों के हुनर की जमकर तारीफ की। जिला पंचायत सीईओ ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से काम का बोझ और मानसिक तनाव कम होता है। यह पूरा आयोजन हंसी-खुशी और एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।

---

### न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पहुंचा, मौसम विभाग ने जताई आने वाले दिन में तापमान गिरने की संभावना

**सीहोर।** जिले में बुधवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंगलवार को भी तापमान इतना ही रहा। इससे पहले सोमवार को न्यूनतम तापमान 14 डिग्री था, यानी दो दिनों में 3 डिग्री की गिरावट आई है। जिला मुख्यालय में मौसम साफ रहा, लेकिन नर्मदा नदी के किनारे बसे ग्रामीण इलाकों में सुबह घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के कारण कई जगहों पर दृश्यता घटकर करीब 50 मीटर तक रह गई, जिससे सामने की चीजें भी साफ दिखाई नहीं दे रही थीं।

**फरवरी की शुरुआत में फिर बढ़ी ठंड :** फरवरी के पहले सप्ताह में जिले में एक बार फिर शीतलहर का असर देखने को मिल रहा है। सुबह और रात के समय ठंड ज्यादा महसूस की जा रही है, खासकर ग्रामीण इलाकों में। शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर ने बताया कि आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है। घना कोहरा भी बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि हवा की दिशा बदलने के कारण मौसम में बार-बार बदलाव हो रहा है और आसमान में हल्के बादल भी दिखाई दे सकते हैं।